कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी, जिला–नारायणपुर (छ.ग.)

दूरभाष क्र. 07781–252310 (फैक्स) 252310 Email deonpr74@gmail.com

//सूचना//

क्रमांक / 1582 /साक्षरता/ सं0नियु./2012–13 नारायणपुर, दिनांक 25/09/2014

सचिवालय राज्य साक्षरता मिषन प्राधिकरण (SLMA) स्कूल शिक्षा विभाग छ0ग0 शासन रायपुर के पत्र क्रमांक/176/रा.सा.मि.प्रा./जि.व. ब्लॉक स्तरीय सेटअप/13 – 14 / रायपुर, दिनांक 27.06.2013 एवं सचिवालय राज्य साक्षरता मिशन प्राधिकरण छ.ग. शासन, स्कूल शिक्षा विभाग के पत्र क्र. /855/रा.सा.मि.प्रा./साक्षर भारत/सं.नियुक्ति/10–11/रायपुर, दिनांक 08.03.2011 के अनुसार जिला कार्यालय एवं विकासखण्डों के लिये कार्यक्रम समन्वयक के पद (6000/– रू0 मासिक मानदेय) हेतु कार्यालयीन पत्र क्र./324/साक्षरता/सं.नियु./12–13 नारायणपुर, दिनांक 4/03/2014 से दिनांक 19/03/2014 तक पूर्व में आवेदन आमंत्रित किया गया था। किन्तु आवेदन कम प्राप्त होने की स्थिति में कार्यक्रम समन्वयक के पद हेतु तिथि को आगे बढ़ाते हुए पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट के माध्यम से दिनांक 30/09/2014 को सायं 05.00 बजे तक जिला शिक्षा अधिकारी, कार्यालय जिला नारायणपुर में आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं।

टीप :– पूर्व में आवेदन किए अभ्यर्थियों को पुनः आवेदन करने की आवश्यकता नहीं है।

रिक्त पद का विवरण निम्नानुसार हैः–

क्र.	पदनाम	पद का विवरण	स्वीकृत पद	रिक्त पद	अनारक्षित				अजजा.				अ.जा.				अ.पि.वर्ग				योग
					मुक्त	महिला	विकलांग	भूत पूर्व सैनिक	मुक्त	महिला	विकलांग	भूत पूर्व सैनिक	मुक्त	महिला	विकलांग	भूत पूर्व सैनिक	मुक्त	महिला	विकलांग	भूत पूर्व सैनिक	
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13	14	15	16	17	18	19	20	21	**22**
1	कार्यक्रम समन्वयक	संविदा	6	6	1	0	0	0	3	1	0	0	0	0	0	0	1	0	0	0	**6**

चयन प्रकिया एवं अन्य शर्ते :–

1. आयु सीमा

अ. आयु दिनांक 01.03.2014 की स्थिति में न्यूनतम 21 वर्ष एवं अधिकतम 40 वर्ष होनी चाहिए। तथा अन्य विषेश वर्ग जैसे– अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग, महिला, भूतपूर्व सैनिक, विकलांग आदि के लिए अधिकतम आयु सीमा 45 वर्ष से अधिक नहीं होगी। शासन द्वारा समय–समय में दी गई आयु सीमा में छूट का प्रावधान रहेगा।

ब. अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, पिछड़ा वर्ग की विधवा/परित्यगता/तलाकशुदा आवेदक के लिए अधिकतम आयु सीमा 55 वर्ष होगी।

स. सामान्य वर्ग की विधवा/तलाकशुदा महिला आवेदक की अधिकतम आयु 50 वर्ष होगी।

2. इस विज्ञापन के प्रकाशन के पूर्व रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन अनिवार्य है।

3. आरक्षित वर्ग के उम्मीदवारों को स्थायी जाति प्रमाण–पत्र की अभिप्रमाणित छायाप्रति आवेदन के साथ सलंग्न करना अनिवार्य होगा।

4. उम्मीदवार को अपनी आयु के समर्थन में 5वीं पास की सत्यापित छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा।

5. इस विज्ञापन के जारी होने के पूर्व प्रस्तुत आवेदन मान्य नहीं होगें।
6. किसी भी उम्मीदवार को किसी भी प्रकार का यात्रा भत्ता देय नहीं होगा।
7. भर्ती प्रक्रिया के दौरान उत्पन्न किसी भी विवाद की स्थिति में चयन समिति का निर्णय अंतिम एवं मान्य होगा।
8. अपूर्ण, अस्पष्ट तथा त्रुटिपूर्ण आवेदन के संबंध में पृथक से कोई सूचना जारी नहीं की जावेगी एवं ऐसे समस्त आवेदन अमान्य कर दिये जायेंगे।
9. प्रमाण–पत्रों का परीक्षण के समय आवेदक को अपना शैक्षणिक योग्यता एवं अन्य प्रमाण–पत्र की मूल प्रति प्रस्तुत करना होगा।
10. चयन उपरांत यदि कोई जानकारी असत्य पाई जाती है तो की गई नियुक्ति समाप्त कर दी जावेगी एवं संबंधित अभ्यर्थी के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही की जावेगी।
11. कोई भी उम्मीदवार जिन्हें विभाग के लिये नियत की गई न्यूनतम आयु से पूर्व विवाह कर लिया हो तो वह नियुक्ति के लिए अपात्र होगा।
12. कोई भी उम्मीदवार जिसकी दो से अधिक संतान है, जिसमें से एक का जन्म 26 जनवरी 2002 हो तो या उसके पश्चात हुआ तो नियुक्ति के लिये पात्र नही होगा।
13. लिफाफे के ऊपर आवेदित पद का नाम, आवेदक का नाम एवं आवेदित पद का वर्ग एवं पता स्पष्ट रूप से लिखा होना चाहिए। आवेदन पत्र के साथ पांच रूपये का डाक टिकट लगा हुआ लिफाफा जिसमें आवेदक के पत्र व्यवहार के पूर्ण पता स्पष्ट रूप से लिखा हो। सलंग्न करना अनिवार्य होगा।
14. किसी विवाहित महिला उम्मीदवारों द्वारा अपने नाम/ उपनाम में परिवर्तन किया गया हो तो परिवर्तन संबंधी दस्तावेज/ शपथ–पत्र की छायाप्रति सलंग्न करना अनिवार्य होगा।
15. उम्मीदवार द्वारा नवीनतम पासपोर्ट साईज की फोटोग्राफ आवेदन पत्र में निर्धारित स्थान पर चस्पा कर उसे राजपत्रित अधिकारी द्वारा प्रमाणित किया जाकर आवेदन पत्र प्रस्तुत करना होगा।
16. नारायणपुर जिले का मूल निवासी होना अनिवार्य होगा। जिले का मूल निवास प्रमाण–पत्र संलग्न करना अनिवार्य है।
17. आवेदन बंद लिफाफे में कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी जिला नारायणपुर छ.ग. को पंजीकृत डाक से दिनांक 30/09/2014 तक संध्या 05.30 बजे तक अनिवार्य रूप से प्राप्त हो जाना चाहिए। निर्धारित समय–सीमा के पश्चात प्राप्त आवेदनों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।
18. कार्यक्रम समन्वयक पद हेतु आवेदक को आवेदन के साथ 300.00 रू. का डी.डी., ''**सदस्य सचिव, जिला लोक शिक्षा समिति, जिला नारायणपुर**'' के नाम देय होगा।
19. कार्यक्रम समन्वयक पद हेतु आवेदक को प्रौढ़ शिक्षा, साक्षरता, सामुदायिक विकास व सामाजिक कार्य करने वाले अनुभवी को प्राथमिकता है।
20. कार्यक्रम समन्वयक पद हेतु स्वयं का वाहन वाले अभ्यार्थी को प्राथमिकता।
21. **शैक्षणिक योग्यता :–**

    इस पद हेतु मान्यता प्राप्त बोर्ड/संस्था से स्नातक के साथ मान्यता प्राप्त संस्था से कम्प्यूटर में एक वर्षीय डिप्लोमा/प्रमाण–पत्र तथा हिन्दी एवं अंग्रेजी में डाटा एन्ट्री की गति 5000 की (Key) डिप्रेशन प्रति घंटा (उम्मीदवार की लिखित एवं कौशल परीक्षा ली जाएगी)।

    मानदेयः– मासिक मानदेय एकमुश्त **6000/–** रू. देय होगा।
22. चयन प्रक्रिया जिला स्तरीय चयन समिति द्वारा की जावेगी।

जिला शिक्षा अधिकारी
जिला–नारायणपुर

आवेदन का प्रारूप

प्रति,

जिला षिक्षा अधिकारी,
जिला–नारायणपुर (छ.ग.)

पासपोर्ट आकार
का नवीनतम
फोटोग्राफ
राजपत्रित
अधिकारी से
सत्यापित हो

1. आवेदित पद का नाम :– .....
2. आवेदक/आवेदिका का नाम :– .....
3. पिता/पति का नाम :– .....
4. जन्मतिथि (अंको में) :– .....
   दिनांक 01.03.2014 को आयु :– ..... वर्ष ..... माह .....दिन.
5. जाति :– .....
6. वर्ग :– .....
7. पत्र व्यवहार का पता :– .....
   .....
   .....
8. स्थायी निवास का पत :– .....
   .....
   .....
9. मोबाईल/फोन नम्बर :– .....
10. रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन का विवरण :– .....
    रोजगार कार्यालय का नाम :– .....
11. शैक्षणिक योग्यता :

क्र.	उत्तीर्ण परीक्षा का नाम	बोर्ड/विष्वविद्यालय का नाम	विषय	उत्तीर्ण वर्ष	प्राप्तांक	प्रतिशत/श्रेणी

11. कार्यानुभव (अनुभव प्रमाण पत्र की सत्यापित प्रति संलग्न करें)

क्र.	विभाग का नाम	पदनाम	अवधि

12. विकलांग है या नही :– .....

13. यदि भूतपूर्व सैनिक हो तो उसका विवरण :– .....

14. संलग्न प्रमाण पत्रों की सूची :– .....

1. ..... 2. .....
3. ..... 4. .....

घोषणा – पत्र

मैं एतद् द्वारा घोषणा करता/करती हूं कि मेरे द्वारा दिया गया उपर्युक्त विवरण सही है। यदि उपर्युक्त विवरण का कोई अंष असत्य पाया जाता है तो नियुक्ति के पश्चात भी सक्षम अधिकारी द्वारा मेरी सेवा समाप्त किये जाने अथवा किसी भी दण्ड जो वह उचित समझे के लिये मैं उत्तरदायी रहूंगा/रहूंगी।

दिनांक :– .....

स्थान :– .....

आवेदक का हस्ताक्षर
(पूरा नाम व पता)